# MINISTRY OF HOME AFFAIRS

## MONTHLY SUMMARY FOR THE CABINET FOR THE MONTH OF APRIL AND MAY, 2021.

**PART-I** **UNCLASSIFIED**

Hon'ble Home Minister chaired a meeting with Chief Ministers of Gujarat, Maharashtra and Administrator of Daman & Diu and Dadra Nagar Haveli on 16th May, 2021 and reviewed the preparedness of States/ UT and Central Ministries/Departments regarding Cyclonic Storm "TAUKTAE".

2. Subsequent to the announcement made by Hon'ble PM after his aerial survey and visit to Gujarat on 19.5.2021, Central Government released an amount of Rs. 1000 crores to the State Government of Gujarat on 20.5.2021.

3. On 20.5.2021, Union Home Secretary wrote to four States and two UTs on the eastern coast, which were likely to be affected by the cyclone "Yaas" for taking additional precautionary measures in coastal districts with regard to adequate power backup for hospitals, labs, vaccine cold chain and other medical facilities.

4. After visiting Cyclone affected areas of West Bengal and Odisha on 28.5.2021, Hon'ble Prime Minister announced a financial assistance of Rs. 1000 crore to Odisha, West Bengal and Jharkhand for immediate relief activities. Accordingly, financial assistance from NDRF of Rs.500 crore to Odisha, Rs. 300 crore to West Bengal and Rs.200 crore to Jharkhand was released on 29.5.2021.

5. Situation arising due to Cyclone Storms "Tauktae" & "YAAS" was monitored 24x7 by the Central Government at the highest level and MHA mobilized resources like NDRF, Indian Army, Indian Air Force, Indian Navy and Indian Coast Guard to assist States/UTs in rescue and relief operations.

6. On 21st May, 2021, Annual Conference of Relief Commissioner/ Secretaries, Department of Disaster Management of States/ UTs to review the status of preparedness for South- West Monsoon, 2021 was held through video conference.

7. Hon’ble Home Minister chaired a review meeting on 24.05.2021 with the Chief Ministers of Odisha, West Bengal and Andhra Pradesh and Lt. Governor of the A&N Islands, to assess the preparedness of States/ UT and Central Ministries/Departments for dealing with the cyclone as well for ensuring uninterrupted supply of Medical Oxygen.

8. To deal with the resurgence of Covid-19 across the country, MHA took various measures/actions to review/mitigate the situation:

(i) On 6th April, 2021, Union Home Secretary reviewed the management of COVID-19 situation in NCT of Delhi and UT of Chandigarh. Thereafter, on 9th April, 2021, I further reviewed the requirement of DRDO Hospital in NCT of Delhi in view of the surge in COVID-19 cases.

(ii) On 7th and 25th April and again on 21st May, 2021, Union Home Secretary held meetings with the Empowered Group- 6 to review the Strategic issues related to management of Covid-19 and issues relating to management of supply chain and price rise.

(iii) 32 Composite Hospitals including Referral Hospitals of CAPFs, NSG & ARs comprising of 1890 beds have been geared up again to combat and address the issue of resurgence of Covid-19 cases of CAPFs.

(iv) On 15.04.2021, letter issued to States/UTs regarding utilizing upto 50% of actual allocation of SDRF for the current year, for containment measures of COVID-19 in conformity to approved items 86 norms.

(v) On 16.04.2021, letter issued to States/UTs regarding ensuring no restriction is imposed on movement of Medical oxygen.

(vi) On 18.04.2021, DO letter was issued to States/UTs regarding taking necessary measures to prohibit supply of oxygen for industrial purposes.

(vii) A meeting under Additional Secretary (UT), was held on 19th April, 2021 to coordinate functioning of SVBP Covid Hospital (DRDO), Delhi Cantt.

(viii) On 22.04.2021, order issued regarding taking measures for ensuring uninterrupted supply of oxygen. Further on the same day, DO letter issued to States/UTs regarding seamless supply and transport of Remdesivir.

(ix) On 23.04.2021, DO letters issued to States/ UTs advising that Oxygen allocation to various districts/cities needs to be rationalized and also to provide security to oxygen transporting vehicles and to make provisions for exclusive corridors for transpiration and treating these vehicles like ambulances.

(x) On 25.04.2021, order was issued regarding stopping the supplies of oxygen for non-medical purpose.

(xi) A meeting on 28th April, 2021 to review the augmentation of beds in DRDO Hospital and Setting up of two hospitals, one each in Jammu and Srinagar was held.

(xii) On 29th April, 2021 Central Government released an assistance of Rs. 8873.60 crore, in advance from State Disaster Response Fund (SDRF) to all the 28 States Governments.

(xiii). The meeting of the National Executive Committee (NEC) was held on 3rd May, 2021 to review the current COVID-19 situation in the country and for ratification of Orders issued by MHA, since last meeting, for containment of Covid situation in the country.

(xiv) An order was issued on 29th May, 2021 to re-constitute 6 Empowered Groups, into 10 Empowered Groups for decisively and effectively addressing evolving challenges from COVID-19.

(xv) MHA issued order on 27.05.2021 regarding extension of containment measures upto 30.06.2021. Thereafter, DO was issued to all Administrators and Chief Secretaries to ensure its compliance.

9. On 9th April, 2021, Union Home Secretary presided over a Seminar on preparing a Roadmap for next decade for Central and State Police forces.

10. On 07/04/2021 authorization of 10 HHTIs with DVRs for security of Kartarpur Sahib Corridor Project has been accorded at the estimated cost of Rs. 1,37,43,504/-.

11. On 15/04/2021 sanction for establishing a COVID-19 investigation laboratory in 200 bedded Referral Hospital ITBP Greater Noida has been accorded at the total cost of Rs. 34,56,000/-.

12. On 19th April 2021, approval accorded to establish an electronic 'National Register for Working Dogs' (NRWD) under the aegis of Police K9 Cell of this Ministry to exclusively maintain records of working dogs engaged for police duties.

13. On 07.04.2021 Union Home Secretary held a meeting with the representatives of Andhra Pradesh and Telangana to discuss bilateral issues between Andhra Pradesh and Telangana.

14. The names of villages "Nhavi Bk" as 'Jaipur" in District Satara, Maharashtra and "SadiKhurd" as "Shachipuram" in Jaunpur District, Uttar Pradesh have been changed.

15. On 11.05.2021 approval accorded for transfer of 1500 Sq. Metres of land of ITBP to Government of Uttarakhand for development of 'Aerial Passenger Ropeway System Project' between Dehradun and Mussorie.

16. On 19.05.2021, Union Home Secretary reviewed the progress of Mobile Connectivity Project in LWE Affected States with the representative of Deptt. Of Telecommunications, New Delhi through VC.

17. Additional Secretary, LWE chaired a meeting (Video Conference) on 12.4.2021 and 27.05.2021 to review the progress of various projects under Assistance to Central Agencies for LWE Management (ACALWEM) Scheme 86 status of UCs for the fund released in 2020-21 under Civic Action Programme (CAP).

18. A total of Rs. 13,76,30,102/- released to CRPF under Assistance to Central Agencies for LWE Management (ACALWEM) Scheme.

19. A sum of Rs. 9,04,10,417/- released to Indian Air Force on account of Airlift provided for Anti -LWE Operations under Assistance to Central Agencies for LWE Management ( ACALWEM) Scheme.

20. An Advisory has been issued to State Governments /CAPFs to sensitize them to counter the LWE activities in the LWE affected areas.

21. In the month of April 2021, sanction for prosecution for filing the chargesheet against 67 accused persons was accorded in accordance with section 45(1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967.

22. In the month of May 2021, sanction for prosecution for filing the chargesheet against 10 accused persons was accorded in accordance with section 45(1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967.

23. Ceasefire agreements with NSCN(NK) and NSCN(R) of Nagaland have been extended for a further period of one year w.e.f. 28.04.2021 i.e. upto 27.04.2022. Ceasefire agreement with NSCN (K-Khango) of Nagaland has been extended for one year w.e.f. 18.04.2021 i.e. upto 17.04.2022.

24. Tirap, Changlang and Longding Districts in Arunachal Pradesh and the areas falling within the jurisdiction of four police stations in other districts of Arunachal Pradesh bordering the State of Assam were declared as 'disturbed area' under the Armed Forces Special Powers Act, 1958 for a period of six months from 01.04.2021 to 30.09.2021 Vide Notification No. S0.1440(E) dated 01.04.2021_

25. During the month of April, 2021 more than 2095 kg of Narcotic substances, have been seized and total 49 persons were arrested for their involvement in drug trafficking.

26. During the month of May 2021, more than 44,060 kg of Narcotics substance and 1350 nos of Codeine based cough Syrup have been seized and total 23 persons were arrested for their involvement in drug trafficking

27. During the months, total 127 Coys of CAPFs (CRPF-46, BSF-26, SSB-20, ITBP-16, CISF-15 & RAF-4) as direct induction have been ordered for deployment in various States (i.e. Delhi, Telangana, Uttar Pradesh & Jammu and Kashmir) for law and order duties for a specific deployment period.

28. MHA vide letter dated 10th May, 2021 has conveyed sanction for deputation visit to Nepal in respect of 38 Expedition Team members to participate in Indian CAPFs Mt. Everest & Mt. Lhotse Expedition 2021 scheduled w.e.f. 13.04.2021 to 11.06.2021

29. Sanction Order for the establishment of Key Location Plans (KLP) at Phelungre for Kiphire Battalion of Assam Rifles was issued on 25.05.2021.

30. All States/UTs have launched their State Citizen Service Portals for various police services and 6.30 crate service requests have been disposed. Out of Total outlay of the Project of Rs 2000 crore, Rs. 1877.42 crore has been released till date to States/UTs and Central Agencies.

31. CCTNS software has been deployed at 16189 out of 16191 Police Stations across the country, i.e. 99.97%. Around 16050 Police Stations are entering 100% FIRs through CCTNS, i.e. 99.12%. Connectivity is available at 15697 Police Stations covered under the CCTNS project, i.e. 96.94%.

****

**मंत्रिमंडल के लिए** अप्रैल एवं मई**, 2021 हेतु मासिक सारांश**

**भाग 1** **अवर्गीकृत**

माननीय गृह मंत्री ने दिनांक 16 मई, 2021 को गुजरात, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों और दमण और दीव तथा दादरा नगर हवेली के प्रशासक के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता की और चक्रवाती तुफान "ताउते" के संबंध में राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों और केंद्रीय मंत्रालयों/ विभागों की तैयारी की समीक्षा की।

2. दिनांक 19.05.2021 को माननीय प्रधानमंत्री के गुजरात के हवाई सर्वेक्षण और दौरे के पश्चात उनके द्वारा की गई घोषणा के बाद, दिनांक 20.05.2021 को केंद्रीय सरकार ने गुजरात सरकार को 1000 करोड़ रुपए की राशि जारी की।

3. केंद्रीय गृह सचिव ने दिनांक 20.05.2021 को अस्पतालों, लैबों, वैक्सीन कोल्ड चेन और अन्य चिकित्सा सुविधाओं के लिए पर्याप्त पावर बैकअप के संबंध में तटवर्ती जिलों में अतिरिक्त एहतियाती कदम उठाने के लिए पूर्वी तट के उन चार राज्यों और दो संघ राज्य क्षेत्रों को पत्र लिखा, जिनकी "यास" चक्रवात से प्रभावित होने की संभावना थी।

4. पश्चिम बंगाल और ओडिशा के चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों का दिनांक 28.05.2021 को दौरा करने के पश्चात, माननीय प्रधानमंत्री ने तत्काल राहत कार्यों के लिए ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड को 1000 करोड़ रु. की वित्तीय सहायता की घोषणा की। तदनुसार, दिनांक 29.05.2021 को एनडीआरएफ की ओर से ओडिशा को 500 करोड़ रु., पश्चिम बंगाल को 300 करोड़ रु. और झारखंड को 200 करोड़ रु. की वित्तीय सहायता राशि जारी की गई।

5. चक्रवाती तूफानों "ताउते" और "यास" के कारण उत्पन्न हुई स्थिति पर केंद्रीय सरकार द्वारा उच्चतम स्तर पर 24X7 निगरानी रखी गई और गृह मंत्रालय ने बचाव एवं राहत अभियानों में राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता देने के लिए एनडीआरएफ, भारतीय थल सेना, भारतीय वायु सेना, भारतीय जल सेना और भारतीय तटरक्षक जैसे संसाधनों को मोबिलाइज किया।

6. दक्षिणी-पश्चिमी मानसून, 2021 के लिए तैयारी की स्थिति की समीक्षा करने के लिए राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के आपदा प्रबंधन विभाग के राहत आयुक्त/ सचिवों का वार्षिक सम्मेलन दिनांक 21 मई, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया गया।

7.  चक्रवात से निपटने और मेडिकल ऑक्सीजन की निर्विघ्न आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों और केंद्रीय मंत्रालयों/ विभागों की तैयारी का मूल्यांकन करने के लिए दिनांक 24.05.2021 को माननीय गृह मंत्री ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल के साथ हुई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

8.  देशभर में कोविड-19 की दूसरी लहर से निपटने के लिए, गृह मंत्रालय ने स्थिति की समीक्षा करने/ स्थिति की गंभीरता को कम करने के लिए विभिन्न उपाय/ कार्य किए:-

(i) दिनांक 6 अप्रैल, 2021 को, केंद्रीय गृह सचिव ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ में कोविड-19 की स्थिति के प्रबंधन की समीक्षा की। तत्पश्चात, 9 अप्रैल, 2021 को, उन्होंने कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में डीआरडीओ अस्पतालों की आवश्यकता की भी समीक्षा की।

(ii) कोविड-19 के प्रबंधन से जुड़े रणनीतिक मुद्दों और आपूर्ति चेन एवं मूल्य वृद्धि के प्रबंधन से जुड़े मुद्दों की समीक्षा करने के लिए दिनांक 7 एवं 25 अप्रैल और फिर 21 मई, 2021 को, केंद्रीय गृह सचिव ने एम्पावर्ड ग्रुप-6 के साथ बैठकें की।

(iii) सीएपीएफ में कोविड-19 के फिर से बढ़े मामलों के मुद्दे से निपटने और निवारण के लिए सीएपीएफ, एनएसजी और एआर के रेफरल अस्पतालों सहित 1890 बिस्तरों वाले 32 कम्पोजिट अस्पतालों को पुनः चुस्त-दुरुस्त किया गया।

(iv) दिनांक 15.04.2021 को, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को अनुमोदित मदों एवं मानदंडों के अनुरूप कोविड-19 के रोकथाम के उपायों के लिए वर्तमान वर्ष के लिए एसडीआरएफ के वास्तविक आवंटन का 50% इस्तेमाल करने के संबंध में पत्र जारी किया गया।

(v) मेडिकल ऑक्सीजन की आवाजाही पर कोई प्रतिबंध न लगाए जाने के संबंध में, दिनांक 16.04.2021 को, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को पत्र जारी किया गया।

(vi) औद्योगिक उद्देश्यों के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति को प्रतिबंधित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के संबंध में दिनांक 18.04.2021 को राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को अ. शा. पत्र जारी किया गया।

(vii) एसवीबीपी कोविड अस्पताल (डीआरडीओ), दिल्ली कैंट के कार्यों का समन्वय करने के लिए दिनांक 19 अप्रैल, 2021 को अपर सचिव (यूटी) की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

(viii) ऑक्सीजन की निर्विघ्न आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने के संबंध में दिनांक 22.04.2021 को आदेश जारी किया गया। इसके अतिरिक्त, इसी दिन राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को रेमडिसीवर की निर्बाध आपूर्ति और ट्रांसपोर्ट के संबंध में अर्ध शासकीय पत्र जारी किया गया।

(ix) राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को यह परामर्श देते हुए दिनांक 23.04.2021 को अर्ध शासकीय पत्र जारी किए गए कि विभिन्न जिलों/ शहरों को ऑक्सीजन के आवंटन को युक्तिसंगत बनाए जाने की आवश्यकता है और साथ ही ऑक्सीजन ले जाने वाले वाहनों को सुरक्षा प्रदान करने और उनके परिवहन के लिए विशेष कॉरीडोर का प्रावधान करने और इन वाहनों को एम्बूलेंस जैसा दर्जा दिए जाने की आवश्यकता है।

(x) दिनांक 25.04.2021 को, गैर-चिकित्सा उद्देश्यों के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति पर रोक लगाने के संबंध में आदेश जारी किया गया।

(xi) डीआरडीओ अस्पताल में बिस्तरों में वृद्धि करने की समीक्षा करने और जम्मू तथा श्रीनगर में एक-एक अस्पताल बनाए जाने के संबंध में दिनांक 28 अप्रैल, 2021 को बैठक आयोजित की गई।

(xii) दिनांक 29 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय सरकार ने राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) से सभी 28 राज्य सरकारों को 8873.60 करोड़ रु. की सहायता राशि अग्रिम रूप से जारी की गई।

(xiii) देश में कोविड-19 की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करने के लिए और देश में कोविड की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पिछली बैठक के बाद से गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेशों की संपुष्टि करने के लिए दिनांक 03 मई, 2021 को राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एनईसी) की बैठक आयोजित की गई।

(xiv) कोविड-19 के कारण उभरती चुनौतियों का निर्णायक और प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए 6 एम्पावर्ड ग्रुप्स को 10 एम्पावर्ड ग्रुप्स में पुनगर्ठित करने के लिए 29 मई, 2021 को एक आदेश जारी किया गया।

(xv) रोकथाम उपायों को दिनांक 30.06.2021 तक बढ़ाने के संबंध में गृह मंत्रालय ने दिनांक 27.05.2021 को आदेश जारी किया। इसके पश्चात, इसके अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रशासकों और मुख्य सचिवों को अ. शा. पत्र जारी किया गया।

9. अगले दशक के लिए केंद्रीय तथा राज्य पुलिस बलों का रोडमैप तैयार करने के लिए केंद्रीय गृह सचिव ने दिनांक 09 अप्रैल, 2021 को आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता की।

10. दिनांक 07.04.2021 को, करतारपुर साहिब कोरिडोर परियोजना की सुरक्षा के लिए 1,37,43,504 रु. की अनुमानित लागत से डीवीआर सहित 10 एचएचटीआई का प्राधिकार प्रदान किया गया।

11. दिनांक 15.04.2021 को, 200 बिस्तरों वाले रेफरल अस्पताल आईटीबीपी, ग्रेटर नोएडा में 34,56,000 रु. की कुल लागत से कोविड-19 की जांच लैबोरेटरी की स्थापना की मंजूरी प्रदान की गई।

12. दिनांक 19 अप्रैल, 2021 को, पुलिस ड्यूटी में लगे वर्किंग डॉग्स का रिकॉर्ड रखने के लिए इस मंत्रालय के पुलिस के 9 सेल के तत्वाधान में एक इलैक्ट्रॉनिक "नेशनल रजिस्टर फॉर वर्किंग डॉग्स" की स्थापना करने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

13. आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दिनांक 07.04.2021 को केंद्रीय गृह सचिव ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

14. महाराष्ट्र के सतारा जिले में "न्हावी बीके" गांव का नाम बदल कर 'जयपुर" तथा उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में "सादीखुर्द" गांव का नाम बदल कर "सांचीपुरम" किया गया है।

15. देहरादून और मसूरी के बीच 'एरियल पैसेंजर रोपवे सिस्टम प्रोजेक्ट' के विकास के लिए आईटीबीपी की 1500 वर्गमीटर भूमि उत्तराखंड सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दिनांक 11.05.2021 को अनुमोदन प्रदान किया गया।

16. केंद्रीय गृह सचिव ने दिनांक 19.05.2021 को, दूरसंचार विभाग, नई दिल्ली के प्रतिनिधि के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों में मोबाइल कनेक्टिविटी परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।

17. अपर सचिव, एलडब्ल्यूई ने वामपंथी उग्रवाद प्रबंधन योजना के लिए केंद्रीय एजेंसियों हेतु सहायता के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए तथा सिविक कार्रवाई कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2020-21 में जारी की गई निधि के लिए उपयोग प्रमाण पत्रों की स्थिति की समीक्षा करने के लिए दिनांक 12.4.2021 और 27.05.2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की अध्यक्षता की।

18. वामपंथी उग्रवाद प्रबंधन योजना के लिए केंद्रीय एजेंसियों हेतु सहायता के अंतर्गत सीआरपीएफ को कुल 13,76,30,102/- रुपए की राशि जारी की गई।

19 वामपंथी उग्रवाद प्रबंधन योजना के लिए केंद्रीय एजेंसियों हेतु सहायता के अंतर्गत वामपंथी उग्रवाद-रोधी ऑपरेशनों के लिए उपलब्ध कराई गई एयर लिफ्ट की सुविधा की मद के लिए भारतीय वायु सेना को 9,04,10,417/- रुपए की राशि जारी की गई।

20. वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में वामपंथी उग्रवाद गतिविधियों का सामना करने के लिए राज्य सरकारों/केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को इस बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए उन्हें एडवाइजरी जारी की गई है।

21. अप्रैल, 2021 में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 45(1) के अनुसार, 67 अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल करने हेतु अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई।

22. मई, 2021 में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 45(1) के अनुसार, 10 अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल करने हेतु अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई।

23. नागालैंड के एनएससीएन (एनके) और एनएससीएन (आर) के साथ संघर्ष विराम संबंधी करारों को दिनांक 28.04.2021 से एक और वर्ष की अवधि के लिए अर्थात दिनांक 27.04.2022 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। नागालैंड के एएससीएन (के-खांगो) के साथ संघर्ष विराम संबंधी करार को दिनांक 18.04.2021 से एक वर्ष की अवधि के लिए अर्थात दिनांक 17.04.2022 तक के लिए बढ़ाया गया है।

24. अरुणाचल प्रदेश में तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों तथा असम राज्य की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के अन्य जिलों में चार पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को दिनांक 01.04.2021 की अधिसूचना संख्या SO. 1440(E) के तहत दिनांक 01.04.2021 से 30.09.2021 तक छह माह की अवधि के लिए सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम, 1958 के अंतर्गत 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया गया।

25. अप्रैल, 2021 के दौरान, 2095 किलोग्राम से अधिक स्वापक पदार्थों को जब्त किया गया है और ड्रग ट्रैफिकिंग में संलिप्त रहने के कारण कुल 49 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

26. मई, 2021 के दौरान, 44,060 किलोग्राम से अधिक स्वापक पदार्थ और 1350 कोडीन आधारित कफ सिरप जब्त किए गए हैं और 23 व्यक्तियों को ड्रग ट्रैफिकिंग में उनकी संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है।

27. इन महीनों के दौरान, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की कुल 127 कंपनियों (सीआरपीएफ-46, बीएसएफ-26, एसएसबी-20, आईटीबीपी-16, सीआईएसएफ-15 और आरएएफ-4) को विशिष्ट तैनाती अवधि के लिए, कानून एवं व्यवस्था संबंधी ड्यूटियों हेतु विभिन्न राज्यों (दिल्ली, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और जम्मू एवं कश्मीर) में तैनाती हेतु आदेश दिया गया है।

28. गृह मंत्रालय ने दिनांक 13.04.2021 से 11.06.2021 तक निर्धारित भारतीय केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल माउंट एवरेस्ट एवं माउंट होत्से एक्सपिडीशन 2021 में भाग लेने के लिए 38 एक्सपिडीशन टीम सदस्यों के संबंध में नेपाल के डेप्यूटेशन दौरे के लिए दिनांक 10 मई, 2021 के पत्र के तहत स्वीकृति प्रदान कर दी है।

29. असम राइफल्स की किफायर बटालियन हेतु फेलुंगरे में महत्वपूर्ण लोकेशन प्लान्स (केएलपी) की स्थापना हेतु दिनांक 25.05.2021 को स्वीकृति आदेश जारी किया गया ।

30. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने विभिन्न पुलिस सेवाओं के लिए अपने-अपने राज्य नागरिक सेवा पोर्टल आरंभ किए हैं तथा 6.30 क्रेट सेवा संबंधी अनुरोधों को पूरा किया गया है। परियोजना के कुल 2000 करोड़ रु. के परिव्यय में से अभी तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और केंद्रीय एजेंसियों को 1877.42 करोड़ रु. की राशि जारी की गई है।

31. पूरे देश के 16191 पुलिस थानों में से 16189 पुलिस थानों अर्थात 99.97% पुलिस थानों में सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर लगा दिया गया है। लगभग 16050 पुलिस थानों में शत प्रतिशत प्राथमिकियां सीसीटीएनएस के माध्यम से दर्ज की जा रही हैं अर्थात सीसीटीएनएस परियोजना के अंतर्गत कवर किए गए 15697 पुलिस थानों अर्थात 96.94% पुलिस थानों में 99.12% कनेक्टिविटी उपलब्ध है।

****